मकर संक्रांति के अवसर पर 312 प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

भिलाईनगर। निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एएचपी आवास के हितग्राहियों का मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर का होगा गृह प्रवेश। भिलाई में प्रथम बार सूर्य विहार के पीछे खमरिया में निर्मित 493 यूनिट एयचपी हितग्राहियों को निर्माण स्थल पर ही सुबह 11रू00 बजे मकान की चाबी प्रदान की जाएगी। ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा किस्त की राशि पूरी जमा कर दी गई है या 80 परसेंट से ऊपर जमा कर दिया गया है। उनको अवसर दिया जा रहा है हितग्राही जो राशि मकान किराया के रूप में देते हैं, इस राशि को बैंक के किस्त के माध्यम से जमा करके प्राप्त कर सकते हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी खमरिया में पहुंच करके मकान का एवं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किये। बहुत ही आकर्षक अच्छे लोकेशन पर मकान का निर्माण किया गया है। जिसकी कुल लागत 4,79000 के लगभग है जिसमें शान द्वारा 1.50 लाख रुपए का अनुदान मिल रहा है। शेष राशि हितग्राही को जमा करना है। यही मकान प्राइवेट कॉलोनी में 1.5 लाख से अधिक में मिलेगा। जो हितग्राही को कम राशि जमा करके मिल रहा है मकान का लोकेशन यहां से 2 किलोमीटर दूरी पर शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सूर्या मॉल, बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल, मुख्य मार्ग, 5 किलोमीटर पर रेलवे स्टेशन, 2 किलोमीटर में थाना, बगल में तालाब, बहुत ही अच्छा निर्माण है। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता रिकेसक सेन विधायक वैशाली नगर, महापौर नीरज पाल, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, एमआईसी सदस्य, पार्षद गणों एवं जनप्रतिनिधियों के की उपस्थिति में प्रदान किया जाएगा।